हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, रविवार, 1 जून 2025

11 आरपीएस कॉलेज बलाना में टैलेंट हंट व स्कॉलरशिप...



12 सरल सर्वर ठप: हरियाणा के छात्र बेहाल, सीईटी व कॉलेज फॉर्म...





# हरिभूमि की पहल को हर वर्ग ने सराहा, मिलकर करेंगे प्रयास तो तम्बाकू मुक्त होगा जिला

## अधिकारी, राजनीति से जुड़े नेता, शिक्षक, पुलिस, महिला, समाजसेवी व युवाओं की रही अहम भागीदारी

हरिभूमि न्यूज. नारनौल

हरिभूमि की ओर से तम्बाकू निषेध हस्ताक्षर अभियान शनिवार बस स्टैंड परिसर में आयोजित किया गया। इस अभियान को सार्थक रूप देने के लिए जिला से जुड़े अधिकारी वर्ग, राजनीति से जुड़े नेता, शिक्षक, पुलिस, महिला, समाजसेवी व युवाओं की अहम भागीदारी रही। हरिभूमि की इस पहल को समर्थन देने और भविष्य में तम्बाकू से दूर रहने तथा अन्य को दूर रहने के लिए आह्वान भी किया। इस हस्ताक्षर अभियान में आए लोगों से बातचीत की जोकि इस प्रकार है।

- नारनौल बस स्टैंड पर हरिभूमि ने चलाया तम्बाकू निषेध हस्ताक्षर अभियान उमड़ी भीड़



### जागरूक करने में अहम भूमिका

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर हरिभूमि की पहल लोगों को जागरूक करने में अहम भूमिका अदा करेगी। इससे अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित किया जा सकेगा।
–सुनील यादव वर्ग अनुदेशक आईटीआई नारनौल



### हानिकारक है धूम्रपान

धूम्रपान स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक है। हरिभूमि की पहल बहुत अच्छी है। हमें समय समय पर इस प्रकार की जागरूकता का प्रचार करना चाहिए।
–जितेंद्र यादव, इंचार्ज बस स्टैंड नारनौल



### भावनाओं की करते है कद्र

हर साल हरिभूमि की इस पहल की वह कद्र करते है। समय के साथ बदलाव जरूरी है।
–दीवान सिंह इंचार्ज बस स्टैंड नारनौल



### प्रेरणादायक पहल को साधुवाद

हरिभूमि की नशा विशेष तौर पर धूम्रपान के प्रति लोगों को बताना बहुत ही सराहनीय कार्य है। इसके द्वारा विशेष कर युवाओं में जागरूकता पैदा होगी। वो इस नशे से दूर होंगे। मैं हरिभूमि की इस प्रेरणादायक पहल को साधुवादा देता हूं। निश्चित तौर पर इससे समाज में एक क्रांति आएगी तथा युवा नशे से दूर होंगे।
–संतोष चौहान, डीईओ नारनौल



### शरीर स्वस्थ्य रखना पहला धर्म

शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम' अर्थातअपने शरीर को स्वस्थ रखना हमारा पहला धर्म है। इस उक्ति को चरितार्थ करते हुए आज विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर हरिभूमि टीम द्वारा युवकों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में सचेत किया जा रहा है। इस महान व पवित्र कार्य के लिए हरिभूमि परिवार प्रशंसा व बधाई का पात्र है।
–दलजीत शास्त्री, सेवानिवृत संस्कृत प्रवक्ता



### समाज का विनाशकारी है नशा

आज विश्व तम्बाकू दिवस पर मैं सभी लोगों से निवेदन करता हूं कि आप आज के बाद तम्बाकू का सेवन ना करें और मैं तो कहता हूं किसी भी प्रकार का नशा ना करें। यह जीवन में बहुत ही हानिकारक है। नशा समाज का विनाशकारी है।
–श्यामलाल सैनी, चेयरमैन जीआईसीई कम्प्यूटर नारनौल



### आवाज करें बुलंद

नशा और नशा बेचने वालों के खिलाफ हमेशा आवाज बुलंद करें। हरिभूमि द्वारा चलाया गया नशा मुक्ति जागरूकता अभियान एक सराहनीय कार्य है। वे लगातार इस प्रकार के जनहित कार्य करते रहें। –प्रो. डा. चंद्रमोहन नोडल अधिकारी पर्यावरण क्लब पीजी कॉलेज नारनौल



### शरीर के प्रत्येक अंग पर पड़ता है गंभीर दुष्प्रभाव

समाज में तम्बाकू नामक जहर को बाहर निकालना है और समाज व देश के भविष्य कहे जाने वाले युवाओं को बचाना है। तम्बाकू के सेवन से जान लेवा बीमारियां जन्म लेती है जैसे सभी प्रकार के कैंसर, दिल की बीमारी इत्यादि। तम्बाकू व इसके उत्पादों के सेवन से शरीर के प्रत्येक अंग पर गंभीर दुष्प्रभाव होता है। –डा. दिनेश कुमार, नोडल अधिकारी एनटीसीपी स्वास्थ्य विभाग



### तम्बाकू त्यागो परिवार के साथ खुशी से जीवन करों यापन

तम्बाकू को किसी भी रूप में स्वीकार ना करें। तम्बाकू त्याग करें और अपने परिवार के साथ खुशी पूर्वक लंबा जीवन यापन करें। जिला को तम्बाकू रहित बनाने में सहयोग करें। तम्बाकू छोड़ो जीवन अपनाओ, यहीं इस दिवस का मुख्य संदेश है। –निरीक्षक शारदा देवी, इंचार्ज महिला सुरक्षा जागरूकता टीम नारनौल



### हरिभूमि के इस प्रयास में युवा आए आगे

जिला में जनहित से जुड़े मुद्दे हो या फिर छोटे से छोटे तबके की बात हो, हरिभूमि सदैव अग्रिणी है। समाजहित से जुड़ी इस नशाखोरी के खिलाफ हरिभूमि का यह प्रयास युवाओं को सही मार्ग पर लाने की राह का काम करेगा। हरिभूमि की इस मुहिम को वह अपने स्तर पर भी आगे बढ़ाएंगे।
–ठाकुर अतरलाल, बसपा नेता अटेली



तंबाकू सेवन सेहत के लिए हानिकारक होता है और इस खास दिन पर हरिभूमि अखबार ने लोगों को जागरूक करने की सराहनीय पहल की है। हर साल विश्व में हर साल करीब 54 लाख लोगों की मौत तंबाकू से होने वाली बीमारियों से हो जाती है। इसलिए इससे बचें।
-भूपेंद्र यादव, युवक




विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य तंबाकू के खतरों और स्वास्थ्य पर इसके नकारात्मक प्रभावों के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना है। आमजन को भी ऐसे कार्यक्रमों से प्रेरित होकर तंबाकू सेवन से दूर रहना चाहिए।
-कुलदीप सिंह, बस स्टैंड इंचार्ज, नारनौल



तंबाकू से होने वाले जानलेवा रोगों का शिकार होने से बचने के लिए इसका त्यागना बहुत ही आवश्यक है। आजकल के युवा तंबाकू की तरफ तेजी से आकर्षित हो रहे हैं और यह समाज एवं देश के लिए बड़ी घातक है। इसके परिणामों को गंभीरता से लेना होगा।
-अंतिमा, छात्रा



तंबाकू को जब सरकार ने निषेध घोषित कर रखा है तो इसका उत्पादन क्यों किया जा रहा है। इसका उत्पादन भी रोकना चाहिए। जब इसका निर्माण ही नहीं होगा और निर्माता कंपनियां बंद हो जाएंगी तो यह अपने आप रूक जाएगा। सरकार को अपनी पहल पर अमल भी करना चाहिए। -कृष्ण कंछल, महामंत्री, अग्रवाल सभा, नारनौल



वर्षों से पढ़ाया और सिखाया जा रहा है कि तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, लेकिन यह जानकर भी हम सभी अनजान बने हुए हैं और इसका निरंतर सेवन कर रहे हैं। आजकल के युवा तो बीड़ी-सिगरेट ही नहीं, हुक्के को भी बढ़ावा देने लगे हैं, जो अपनी मौत को बुलावा दे रहे हैं।
-यादराम सैनी, पूर्व प्राचार्य



स्मोकिंग फेफड़ों के कैंसर का सबसे बड़ा कारण माना जाता है। लोग सिगार, हुक्का या पाइप के जरिये तंबाकू का सेवन करते हैं, उनमें भी फेफड़ों के कैंसर होने का खतरा बहुत ज्यादा होता है। सिगरेट या तंबाकू में निकोटीन नामक एक पदार्थ पाया जाता है, जो लोगों को इसका आदि बनाता है।
-संजीव यादव, वाइस चेयरमैन, नप नारनौल



तंबाकू का सेवन हानिकारक होता है और इससे शरीर में बीमारियां फैलती हैं। जो लोग तंबाकू सेवन करते हैं, उन्हें देखकर बच्चे भी बिगड़ते हैं और वह बड़े होकर गलत आदतों का शिकार होकर अपना व परिवार का जीवन बर्बाद कर देते हैं। इससे हर हाल में बचना चाहिए।
-बिशन सिंह सैनी, प्रधान सैनी सभा नारनौल



दैनिक हरिभूमि द्वारा इस दिन को मनाने के पीछे का मकसद लोगों को तंबाकू सेवन से होने वाले नुकसानों के बारे में जागरूक करना है। यह बहुत ही सराहनीय पहल है। तंबाकू स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक होता है। इसके सेवन से हर साल लाखों लोगों की दर्दनाक मौत हो जाती है।
-सिकंदर गहली, अध्यक्ष, सती माता वेलफेयर समिति, गहली



दुनियाभर में हर साल 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मकसद तंबाकू के खतरों के बारे में जागरूकता फैलाना है। हर साल होने वाली बीमारियों एवं मौतों से बचने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को तंबाकू का सेवन छोड़ना होगा, तभी तंबाकू रहित समाज की स्थापना हो सकेगी। हरिभूमि अखबार की पहल सराहनीय है।
-प्रदीप यादव, पूर्व डीएमएस



तंबाकू निषेध दिवस का आयोजन आमजन को इसके प्रति जागरूक करना है। हरिभूमि ने जागरूकता अभियान चलाकर समाज को शानदार संदेश देने का प्रयास किया है। तंबाकू छोड़ने के लिए यह कार्यक्रम समाज में प्रेरणा का कार्य करेगा। इससे बुजुर्ग एवं युवा सभी वर्ग के लोग प्रेरित होंगे और तंबाकू का सेवन न करने को संकल्पबद्ध होंगे।
-टींकू प्रधान, युवा साथी ग्रुप



तंबाकू रहित समाज की पहल बेहद सराहनीय है। तंबाकू का सेवन करना न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि इससे परिवार पर भी बुरा असर पड़ता है। जिन घरों में लोग तंबाकू सेवन करते हैं, उन परिवारों के बच्चे भी बड़े होकर आसानी से इसकी गिरफ्त में आ जाते हैं। इससे बचें।
-हंसराज यादव, रोडवेज डिपो प्रधान नारनौल



तंबाकू युक्त सिगरेट पीने वाला व्यक्ति खुद के जीवन को संकट में डालने के साथ-साथ दूसरों का जीवन भी संकट में डालता है, क्योंकि सिगरेट के धुआं युक्त वायु में सांस लेने पर इसका बुरा असर दूसरे लोगों पर भी पड़ता है। इसलिए तंबाकू के सेवन से बचना चाहिए।
-दिनेश सैनी, सामाजिक कार्यकर्ता




तंबाकू स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। स्मोकिंग से सिर्फ फेफड़े के कैंसर का ही रिस्क नहीं बढ़ता, बल्कि इससे लीवर, अग्नाशय, पेट आदि के साथ-साथ शरीर के किसी भी हिस्से में कैंसर पैदा हो सकता है। इसलिए इसके सेवन से बचना चाहिए। हरिभूमि की पहल जरूर रंग लाएंगी। -संजय मान एडवोकेट, पूर्व प्राचार्य



तंबाकू रहित समाज की कल्पना कठिन अवश्य दिखती है, लेकिन नाममुकिन नहीं है। यदि सभी अपने हिस्से का योगदान दें तो यह परिकल्पना भी सच साबित हो सकती है। इससे बचने की आवश्यकता है।
-सुमित कुमार, पीआरओ पुलिस नारनौल



तंबाकू का सेवन करना शरीर के लिए हानिकारक होता है। इसके सेवन से कैंसर के साथ-साथ दिल की बीमारी होने का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को तंबाकू रहित समाज की स्थापना में योगदान देना चाहिए।
-प्रीतम बागड़ी, बस अड्डा इंचार्ज, नारनौल



तंबाकू का उपयोग शरीर के लिए बेहद घातक होता है। इस दिन तंबाकू उपयोग के खतरों के प्रति जागरूक करने की हरिभूमि ने अनुकरणीय पहल की है। आमजन को भी इसमें भागेदारी निभानी चाहिए, तभी तंबाकू के नुकसान से बच सकेंगे।
-सुनीता, कृषि अधिकारी, नांगल चौधरी



तंबाकू सेवन के घातक परिणामों के प्रति लोगों में जागरूकता लाने की दिशा में इस तरह के आयोजन काफी सार्थक होते हैं। इससे लोगों में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है और युवाओं को इस हवन में अपने हिस्से की आहुति डालनी चाहिए।
-कोमल सैनी, एनसीसी कैडेट



विश्व तंबाकू निषेध दिवस के जरिए दुनियाभर में जागरूकता फैलाई जा रही है। बस स्टैंड पर हरिभूमि ने यह कार्यक्रम आयोजित करके बड़ा सराहनीय कार्य किया है। इससे लोग जरूर प्रेरित होंगे।
-कशिश



तंबाकू युक्त समाज के गठन की दिशा में सरकार को चाहिए कि वह न केवल तंबाकू पर बैन लगाए, बल्कि तंबाकू युक्त पदार्थ तैयार करने वाली कंपनियों को भी बंद करें। जब उत्पाद निर्माता ही नहीं होगा तो लोग तंबाकू खाएंगे कैसे।
-ओसिन शुक्ला, छात्र



समाज में फैली इस सामाजिक विदूपदता की जड़ों को समाज से बिल्कुल ही समाप्त करना है, ताकि सम्पूर्ण समाज पूर्ण रूप से स्वस्थ रहें तथा युवा इस नशे से ओत प्रोत ना हो। आओ हम सब मिलकर ये प्रण करें। तम्बाकू को युवाओं से दूर करें।
–डा. ममता शर्मा, महिला कॉलेज नारनौल

### सार्थक प्रयास से कई परिवार उजड़ने से बचेंगे



हरिभूमि के इस प्रयास के सार्थक होने से कई परिवार उजड़ने से बचेंगे। वह इस जागरूकता अभियान के लिए धन्यवाद देती है और आने वाली युवा पीढ़ी व वर्तमान में जो तम्बाकू का सेवन कर रहे है, उन्हें इस कार्यक्रम से प्रेरणा मिलेगी, ऐसी उम्मीद करती हूं।
–भारती सैनी जिला अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा महेंद्रगढ़

### हरिभूमि सदैव समाज हित के मुद्दों को उठा रहा



हरिभूमि ने आज जो तम्बाकू छोड़ने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया है। यह एक अच्छी पहल है। हरिभूमि सदैव समाज हित के मुद्दों पर गंभीरता से कार्य करता है। नशे को छोड़ने और युवाओं को जोड़ने की इस पहल पर वह हरिभूमि परिवार को बधाई देती है।–डॉ. राजवती यादव, जिला अध्यक्ष कांग्रेस महिला मोर्चा महेंद्रगढ़

### इस मामले में सरकार गंभीर



नशा के विरुद्ध नायब सरकार आए दिन फैसले ले रही है। प्रदेश के हर कोने में नशे की रोकथाम के लिए निरंतर अभियान चलाएं जा रहे है। ऐसे समय में हरिभूमि का यह प्रयास सोने पर सुहागा है। वह उनके इस प्रयास का समर्थन करते है।
–सीताराम यादव, पूर्व विधायक अटेली



### चार साल पहले छोड़ा था तम्बाकू

आज से चार वर्ष पूर्व मैंने तम्बाकू यानी सिगरेट हुक्का छोड़ा था। मैं बहुत खुश हूं। आज से आप भी तम्बाकू का सेवन छोड़े। आज भी खुश रहेंगे। स्वस्थ रहोंगे मस्त रहोंगे। –तेजप्रकाश एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष छात्र संघ नारनौल कॉलेज



### बुराई से दूर रहने का दिलाएं संकल्प

उन्हें पारिवारिक संस्कारों से किसी प्रकार का नशा न करने का संस्कार मिला। जिस कारण मैं अभी तक नशा से दूर हूं। आज के धूम्रपान निषेध दिवस पर मुझे प्रशन्नता है कि मैं अपने व्यवहार क्रियाकलापों और सद्प्रयासों से अनेक युवाओं व वरिष्ठजनों को इस बुराई से दूर रहने का संकल्प दिलवाया। –सत्यव्रत शास्त्री, निदेशक सांस्कृतिक अहीरवाल



### संस्कारों को हर जनमानस तक फैलाएं

आज वर्तमान समाज में जिस प्रकार से नशा फैल रहा है, वो सिर्फ सोचने व विचार करने की बात नहीं बल्कि उस पर सम्पूर्ण समाज को चाहे वो युवा हो, मातृशक्ति हो, बुजुर्ग हो, जवान हो, किसान हो सभी को एकजुट होकर लड़ना होगा। मेरे संस्कारों और पृष्ठभूमि में नशे के खिलाफ संस्कार सिखाएं गए है। हमें इस प्रकार के संस्कारों को अन्य जनमानस तक फैलाना होगा ताकि नशे को दूर कर सकें।
–डा. राकेश कुमार, जिला प्रमुख महेंद्रगढ़



### नशे से हर जनमानस रहें दूर

नशा, दहेज, निरक्षता बढ़ती जनसंख्या भारी। इन चारों से बचकर रहियो बहुत बुरी बीमारी। वाक्या हरिभूमि के संदेश का बखान करता है। हर जनमानस इससे दूर रहें। राष्ट्रीय हिंदी दैनिक हरिभूमि द्वारा विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के सफल आयोजन पर बधाई। –कैलाशचंद शर्मा, पूर्व राजस्व राज्य मंत्री हरियाणा



### लोगों पर भी पड़ता है असर

तम्बाकू सेवन से बहुत सी गंभीर बीमारियां तैयार हो जाती है। इसके सेवन से व्यक्ति ही नहीं बल्कि आस पास रहने वाले व्यक्तियों पर भी बुरा असर होता है। आज के दिन को तंबाकू निषेध दिवस के रूप में मनाते हुए हम सभी को तंबाकू के सेवन करने वालों को इन्हें छोड़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए। हरिभूमि का यह सराहनीय कार्य है। –डा. अशोक कुमार सीएमओ स्वास्थ्य विभाग नारनौल



### सम्पूर्ण समाज को एकजुट होना होगा

आज वर्तमान में समाज में जिस प्रकार से नशा फैल रहा है है वो सिर्फ सोचने व विचार करने की बात नहीं है। बल्कि उस पर सम्पूर्ण समाज को एकजुट होकर नशे के खिलाफ लड़ना चाहिए। –एसआई राकेश महिला थाना नारनौल



### हरिभूमि की इस सोच में जुड़ें युवा

हरिभूमि की यह अच्छी सोच है। भविष्य में भी इसी तरह नशे के खिलाफ मुहिम चलती रहे, यह आशा करता हूं। इस सोच को युवाओं से जोड़ा जाए। नशा एक अभिशाप है। इसे गांव स्तर पर भी चलाने की जरूरत है। –एसआई पंकज, इंचार्ज महावीर पुलिस चौकी नारनौल

# दैनिक हरिभूमि का विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर हस्ताक्षर अभियानः युवाओं को तंबाकू से दूरी बनाने की पहल

- हस्ताक्षर अभियान में पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री राव नरेंद्र सिंह सहित अन्य गणमान्यव आमजन की रही भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

दैनिक हिंदी समाचार पत्र हरिभूमि की ओर से शनिवार को बस स्टैंड पर विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक चले इस अभियान में सैकड़ों युवाओं की भागीदारी रही। उन्हें शपथ दिलाई गई कि 'हम तंबाकू संबंधित उत्पादों की रोकथाम के लिए पूर्ण सहयोग करेंगे।' यह शपथ लेने के बाद लोगों ने हस्ताक्षर कर तंबाकू से दूरी बनाने का प्रण लिया। इस अभियान को सफल बनाने के लिए सहित अनेक अधिकारी व अलग-अलग पार्टियों से जुड़े नेतागण पहुंचे।

इस दौरान बस स्टैंड में आवागमन करने वाले यात्रियों को दैनिक हरिभूमि परिवार टीम के सदस्यों ने लोगों को तंबाकू से दूरी बनाने की अपील की। वहां आए लोगों से कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के सदस्य देशों की ओर से सन 1987 में विश्व तंबाकू निषेध दिवस स्थापना के उपलक्ष्य में संकल्प के तौर पर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। हस्ताक्षर अभियान में खास लोगों के साथ-साथ आमजन खासकर युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। हरियाणा रोडवेज के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी इस आयोजन में हाथ बंटाया। हस्ताक्षर के तहत बच्चों, युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक ने तंबाकू युक्त नशीले पदार्थों का त्याग करने के साथ-साथ अपने आसपास के लोगों को भी इससे दूर रहने की पहल करने का संकल्प लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य भी तंबाकू से होने वाली मुंह के कैंसर एवं दर्दनाक बीमारियां से बचाव के तौर पर तंबाकू रहित समाज की स्थापना करना रहा, जिसमें लोगों ने स्वेच्छा से भागीदारी करते हुए तंबाकू का सेवन न करने एवं आसपास के लोगों को न करने देने के लिए प्रेरित की शपथ ली।

हरिभूमि परिवार से जिला प्रभारी सतीश सैनी, वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार व पत्रकार नितेश कुमार, नारनौल विज्ञापन शाखा इंचार्ज सतपाल शर्मा और महेश यादव महेंद्रगढ़, दलीप दीक्षित कनीना व नीरज कुमार अटेली मौजूद रहे। सहयोगी के तौर पर प्रगतिशील शिक्षक संघ के अध्यक्ष संजय शर्मा, भीमसेन शर्मा, डा. जितेंद्र शर्मा, दिनेश शर्मा, उड़ान जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष बिरेंद्र यादव, युवा साथी हरियाणा से टिंकू प्रधान, पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार, रेडक्रॉस सोसायटी से कौशल कुमार का योगदान रहा।





नारनौल। हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लेने आए विधायक ओमप्रकाश यादव व पूर्व स्वास्थ्य मंत्री राव नरेंद्र सिंह का स्वागत करती हरिभूमि टीम। फोटो : हरिभूमि

## पूर्व मंत्री बोले, हरिभूमि की पहल से जुड़े लोग

अभियान में सहयोग करने प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं नारनौल विधायक ओमप्रकाश यादव और प्रदेश के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री राव नरेंद्र सिंह भी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि नारनौल बस स्टैंड पर हरिभूमि अखबार की तरफ से विश्व तम्बाकू दिवस पर हस्ताक्षर अभियान का कार्यक्रम किया गया। लोगों को तम्बाकू छोड़ने वास्ते जागरूक किया गया। यह एक बहुत अच्छी पहल है। इसके लिए वह हरिभूमि परिवार का आभार प्रकट करते है और एक अच्छे कार्य के लिए लोगों को बताया गया। जागरूक किया गया। वास्तव में तम्बाकू बहुत ही हानिकारक है। इससे कैंसर व अन्य बहुत सी बीमारियां होती है। इसको छोड़ना स्वयं के लिए परिवार के लिए व समाज के लिए बहुत ही उचित कदम रहता है।

## खबर संक्षेप



नारनौल। मीना यादव को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### सरस्वती स्कूल में विदाई पार्टी आयोजित

**नारनौल।** सरस्वती बाल मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की रसायन शास्त्र की प्रवक्ता डॉ. मीना यादव का चयन एकलव्य मॉडल सीनियर सेकेन्डरी स्कूल जबलपुर मध्यप्रदेश में हुआ। विद्यालय में विदाई पार्टी का आयोजन किया। इसमें विद्यालय के चैयरमैन मुकेश शर्मा, प्राचार्या क्षमा पाण्डेय ने मीना को बधाई देते हुए स्मृति चिह्न प्रदान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस विदाई पार्टी में विद्यालय के सभी अध्यापक गण उपस्थित रहे और सभी ने अपने विचार प्रस्तुत किए। अंत में सभी ने मीना को भावुक हृदय से विदाई पार्टी दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### दौगड़ा अहीर में महापंचायत आज

**मंडी अटेली।** अहीर रेजिमेंट के गठन की मांग को लेकर रविवार को दौगड़ा अहीर के रजवाड़ा फोर्ट में महापंचायत आयोजन किया जाएगा। यह महापंचायत सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। जिसकी अगुवाई अहीर रेजिमेंट संघर्ष समिति दौगड़ा अहीर की ओर से की जाएगी।

### श्री श्याम का द्वितीय विशाल जागरण सात को

**महेंद्रगढ़।** गांव कोथल खुर्द में गौराला कुआं पर श्री श्याम का द्वितीय विशाल जागरण का आयोजन किया जाएगा। जिसमें श्रीश्याम मंदिर जौरासी धाम नारनौल से कमलकांत महाराज मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। श्रीश्याम मित्र मंडल सदस्य मंजीत यादव ने बताया कि सात जून को शात सात बजे गांव कोथल खुर्द में श्री श्याम का द्वितीय विशाल जागरण आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जागरण में सत्यम कानौड़िया, अतुल लामडिवाल, आनंद सोनी, मुकेश, बंसल, सचिन कुमार आदि कलाकार अपनी गायकी से धमाल मचाएंगे तथा सोनू म्युजिकल ग्रुप द्वारा म्युजिकल व मोहित महादेव आर्टस ग्रुप गोहाना द्वारा झांकिया प्रस्तुत की जाएगी।

## पटवारियों को छुट्टी के दिन भी बुलाने की मांग, निवास प्रमाण पत्र भी अटके

# सरल सर्वर ठपः हरियाणा के छात्र बेहाल, सीईटी व कॉलेज फॉर्म की अंतिम तिथि नजदीक

हरियाणा सरकार का महत्वाकांक्षी सरल पोर्टल, जिस पर विभिन्न महत्वपूर्ण ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध है, बीते एक सप्ताह से पूरी तरह ठप पड़ा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

प्रदेश में इन दिनों उच्च शिक्षा प्राप्त करने और सरकारी नौकरियों की तैयारी कर रहे लाखों युवाओं का भविष्य अधर में लटका हुआ है। हरियाणा सरकार का महत्वाकांक्षी सरल पोर्टल, जिस पर विभिन्न महत्वपूर्ण ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध है, बीते एक सप्ताह से पूरी तरह ठप पड़ा है। ऐसे में कॉलेज में दाखिले के लिए आवेदन करने वाले और कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट के फॉर्म भरने वाले छात्र दर-दर भटकने को मजबूर है जबकि आवेदन की अंतिम तिथियां तेजी से नजदीक आ रही है।

कॉलेजों में दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि नौ जून निर्धारित की गई है वहीं सीईटी के फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 12 जून तय की गई है। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन ने भी अभ्यर्थियों से 12 जून तक अपने फॉर्म भरने सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। यह विडंबना ही है कि जब छात्रों को अपने भविष्य को सुरक्षित करने के लिए ऑनलाइन दस्तावेज तैयार करने की सख्त आवश्यकता है तब सरल पोर्टल का सर्वर पूरी तरह से ठप पड़ा है। हरियाणा निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र और आय प्रमाण पत्र जैसे कई महत्वपूर्ण दस्तावेज सरल पोर्टल के माध्यम से ही बनाए जाते है जिनके बिना न तो कॉलेज में दाखिला संभव है और न ही सीईटी का फॉर्म भरा जा सकता है। जुलाई माह में सीईटी की परीक्षा होने की आशंका जताई जा रही है। ऐसे में छात्र अपनी पढ़ाई छोड़कर इन दस्तावेजों को बनवाने के लिए विभिन्न सरकारी कार्यालयों और साइबर कैफे के चक्कर काट रहे है लेकिन सर्वर न चलने की वजह से उनके सारे प्रयास व्यर्थ साबित हो रहे है। छात्रों का कहना है कि यह स्थिति उनके मानसिक तनाव को बढ़ा रही है और उनके बहुमूल्य समय को बर्बाद कर रही है।



नारनौल। साइबर कैफे पर सरल सर्वर ऑन होने का इंतजार करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### 26 मई के बाद नहीं हो रही फाइलें अप्रूवल

सीएससी संचालक हरिओम यादव ने हरिभूमि को बताया है कि 26 मई से जाति प्रमाण पत्र सहित किसी भी प्रकार की फाइलें अप्रूव नहीं हो रही है जिसके कारण आवेदकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पहले जाति प्रमाण पत्र मात्र दो घंटे में बन जाता था। उनके पास ही पोर्टल पर 100 से अधिक फाइलें लंबित है जबकि अभ्यर्थियों को फाइल अप्रूवल का एसएमएस मिल चुका है। इस स्थिति को देखते हुए अनुमान है कि जिले में 15 हजार से अधिक फाइलें लंबित है। यदि सर्वर की तकनीकी समस्या के कारण ये सभी फाइलें रद्द होती है तो बेरोजगार अभ्यर्थियों को पांच लाख रुपये से अधिक का आर्थिक नुकसान होगा।

### पटवारियों को छुट्टी के दिन भी कार्यालयों में बैठाने की मांग

दाखिला लेने वाले विद्यार्थी और सीईटी के अभ्यर्थी लगातार पटवार घरों के चक्कर लगा रहे है। भीषण गर्मी के इस मौसम में भीड़ देखकर निराश होकर उन्हें अपने घर वापस लौटना पड़ रहा है। युवाओं का कहना है कि एडमिशन और सीईटी फॉर्म की आवेदन प्रक्रिया एक साथ होने की वजह से पटवार घर और ऑनलाइन साइबर कैफे की दुकानों पर भारी भीड़ उमड़ रही है। इस समस्या से निजात पाने के लिए युवाओं ने मांग की है कि पटवार घरों को छुट्टी के दिनों में भी खुला रखा जाए। उनका तर्क है कि इससे भीड़ कम होगी और छात्रों को दस्तावेज बनवाने में कोई दिक्कत नहीं आएगी। इसके साथ ही सरल सर्वर को जल्द से जल्द ठीक करने की भी पुरजोर मांग की गई है।

### हरियाणा निवास प्रमाण पत्र की फाइल उसी दिन पास करने की मांग

युवाओं ने उपायुक्त से भी गुहार लगाई है कि हरियाणा निवास प्रमाण पत्र के ऑनलाइन प्रार्थना पत्र तहसीलदार कार्यालय में जाते है। पिछले एक सप्ताह से इन प्रार्थना पत्रों को पास नहीं किया जा रहा है, जिससे अभ्यर्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। युवाओं का कहना है कि इन फाइलों को उसी दिन पास किया जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि कर्मचारियों की स्पेशल ड्यूटी लगाई जाए तो यह छात्रों के लिए बहुत मददगार होगा। इस पूरे मामले पर सरकार और संबंधित विभागों की चुप्पी छात्रों में रोष पैदा कर रही है। लाखों छात्रों का भविष्य दांव पर लगा है और ऐसे में तकनीकी खामियों को जल्द से जल्द दूर कर सुचारू सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए।

## सीईटी के परीक्षा केंद्र गृह जिलों में ही बनाए जाएंः राव सुखबिंद्र सिंह



**नारनौल।** हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा व हरियाणा संयुक्त पात्रता परीक्षा दोनों ही पात्रता परीक्षाएं हैं। जब शिक्षक पात्रता परीक्षा के परीक्षा केंद्र गृह जिले में बनाए जा सकते हैं, तो संयुक्त पात्रता परीक्षा के परीक्षा केंद्र भी गृह जिले में ही बनाए जाने चाहिए। उक्त मांग पूर्व अधीक्षण अभियंता एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राव सुखबिंद्र सिंह ने करते हुए कहा है कि इससे अभ्यर्थियों को अनावश्यक तनाव और यात्रा से मुक्ति मिलेगी। वहीं राज्य सरकार को भी अपनी बसों को व्यर्थ इधर उधर नहीं दौड़ाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जितना फोकस बाकी व्यवस्थाओं पर किया जाना है, उतना यदि परीक्षा के प्रबंधन पर कर लिया जाए, तो गृह जिले में भी परीक्षा सुचारू और नकल रहित करवाई जा सकती है। राव का कहना है कि तकनीक के इस दौर में भी यदि नकल रोकने के लिए उम्मीदवारों को अढ़ाई सौ तीन सौ किलोमीटर दूर परीक्षा केंद्र दिए जाते हैं, तो यह प्रशासनिक विफलता ही कहलाएगी। उन्होंने कहा कि पहले शिक्षक पात्रता परीक्षा के परीक्षा केंद्र भी दूर दिए जाते थे, लेकिन अब गृह जिलों में ही शांतिपूर्वक परीक्षा संपन्न होती है। उन्होंने कहा कि सीईटी भी पात्रता परीक्षा ही है, इसके केंद्र भी गृह जिलों में बनाए जा सकते हैं, केवल सरकार में इच्छाशक्ति होनी चाहिए। उन्होंने मांग की है कि व्यापक लोकहित में सरकार को इस पर गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए और शिक्षक पात्रता परीक्षा केंद्र वाली नीति ही सीईटी में लागू करनी चाहिए। इससे उम्मीदवारों को तो लाभ होगा ही सरकार का राजस्व भी बचेगा साथ ही रोडवेज को भी नुकसान नहीं होगा।

# कैंटर ने बाइक को मारी टक्कर, उपचार के दौरान मौत

- शनिवार की देर शाम गांव नांगल सिरोही बाईपास पर हुआ हादसा, महेंद्रगढ़ से घर जा रहा था व्यक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

नारनौल-दादरी स्टेट हाईवे 148-बी पर शनिवार की शाम को गांव नांगल सिरोही बाईपास पर एक कैंटर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। उपचार के दौरान हाथ से में घायल व्यक्ति की मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार गांव डरोली अहीर निवासी 48 वर्षीय राज्यपाल शनिवार की देर शाम को महेंद्रगढ़ से अपने घर जा रहा था। जब वह नांगल सिरोही बाईपास पर पहुंचा तो सामने से आ रहे कैंटर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी।

आसपास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। हादसे में घायल व्यक्ति को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। पुलिस ने शिव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।





महेंद्रगढ़। दुर्घटना में शामिल कैंटर व हादसे में क्षतिग्रस्त बाइक। फोटो : हरिभूमि

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की जान गई

**मंडी अटेली।** नारनौल रेवाड़ी रोड पर अटेली में ट्रैक्टर एजेंसी के समीप सड़क किनारे खड़े युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मनेठी निवासी जगदीश ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि गत रात्रि को वह तथा उसका भतीजा राकेश बाछौद से अटेली आ रहे थे। जब वह ट्रैक्टर एजेन्सी के पास पहुंचे तो वह शौच करने के लिए मोटरसाइकिल को सड़क से नीचे उतार कर खड़ा कर दिया। राकेश मोटरसाइकिल के पास खड़ा था, तभी एक अज्ञात वाहन तेज गति से आया और उसके भतीजे को टक्कर मार दी। अंधेरा ज्यादा होने के कारण वाहन को पहचान नहीं सका। इस टक्कर से उसके भतीजे की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



नारनौल। कार्यक्रम में भाग लेते अभिभावक व बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### यदुवंशी में दादा दादी व नाना नानी आशीर्वाद उत्सव संपन्न

**नारनौल।** यदुवंशी परिसर में दादा दादी व नाना नानी आशीर्वाद उत्सव का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर का आयोजन विद्यालय चेयरमैन राव बहादुर सिंह के निर्देशानुसार किया गया। जिनकी गरिमामयी उपस्थिति कार्यक्रम में चार चांद लगा गई। कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन और मंगलाचरण से हुई। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने रंग बिरंगी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समस्त आगंतुकों का मन मोह लिया। बच्चों की ओर से प्रस्तुत नृत्य, गीत और नाट्य रूपांतरण ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। विशेष रूप से बुजुर्गों के सम्मान में प्रस्तुत कार्यक्रमों ने सभी के हृदय को छू लिया। कार्यक्रम की सफलता में प्रमुख भूमिका निभाने वालों में विद्यालय की निदेशिका सुरेश यादव, प्राचार्य डॉ. अनंत शर्मा, और उपप्रधानाचार्य नरेश यादव प्रमुख रूप से शामिल रहे। चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि संस्कारों की नींव हमारे बड़े हैं, जिनसे हर पीढ़ी रोशन होती है।

### अब प्रतिदिन दिया जाएगा योग प्रशिक्षण

- 14 को होगा योग मैराथन का आयोजन

**नारनौल।** आगामी 21 जून को जिला व खंड स्तर पर 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए अब प्रतिदिन योग प्रशिक्षण दिया जाएगा। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि एक जून को पुलिस लाइन में, दो को होमगार्ड, तीन को रेडक्रॉस कार्यालय में व चार नगर पालिका वार्डों में योग प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी प्रकार नौ जून को पब्लिक हेल्थ, 10 को आयुष विभाग, 11 को स्वास्थ्य विभाग, 12 को पॉलीटेक्निक, 13 जून को खेल विभाग नर्सरी व लघु सचिवालय में योग प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 14 जून को योग मैराथन का आयोजन किया जाएगा। 16 जून को मेडिकल कॉलेज में योग कॉन्फ्रेंस व वर्कशाप का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 17 जून को महिला एवं बाल विकास व 18 जून को खनन विभाग के अधिकारियों को योग प्रशिक्षण दिया जाएगा। 19 जून को गांवों व वार्डों में योग जागरण यात्रा तथा 20 जून को कार्यक्रम की फाइनल रिहर्सल होगी। डीसी ने बताया कि आयुष विभाग के समन्वय में पांच जून को ब्रह्म कुमारी, छह जून को भारतीय योग संस्थानों, सात जून को तहसील स्तर पर पतंजलि व आठ जून को आर्ट ऑफ लिविंग को जिला स्तर पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।



नारनौल। पीजी कॉलेज में आपदा प्रबंधन के बारे में जागरूक करते हुए।

### पीजी कॉलेज में एनडीआरएफ की ओर से आपदा प्रबंधन कार्यशाला आयोजित

**नारनौल।** राजकीय महाविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस, एनएसएस, एनसीसी प्रकोष्ठ के सानिध्य में आपदा प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। यूथ रेडक्रॉस प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी प्रोफेसर डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि सातवीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एनडीआरएफ भटिंडा की टीम असिस्टेंट कमांडेंट सरोज रानी की कमान में प्रशिक्षक मोहन कुमार के प्रशिक्षण व टीम सदस्यों ने महाविद्यालय के मल्टीपरपज हाल में विद्यार्थियों व शिक्षकों को मानव सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत आपदा प्रबंधन के पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया। एनडीआरएफ टीम ने प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों व विद्यार्थियों को बाढ़ व भूकम्प सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, वज्रपात सुरक्षा व सर्पदंश प्रबंधन, करंट लगने पर, सिलेंडर में गैस रिसाव और आग लगने पर, आगजनी की घटनाओं के बारे में जानकारियां दी। डिविजनल कमांडर टेकचंद यादव व ब्रिगेड ऑफिसर विजय कुमार ने बताया कि एनडीआरएफ भटिंडा की टीम सभी प्रकार की आपदाओं से बचाव व जागरूकता सम्बंधित कार्यशाला के दौरान जिले की तहसीलों में आमजन को जागरूक कर रही है। महाविद्यालय कुलसचिव डॉ. सत्यपाल सुलोदिया ने बताया कि आपदा जोखिम न्यूनीकरण हेतु सातवीं वाहिनी एनडीआरएफ द्वारा जिले के सरकारी व प्राइवेट स्कूलों के शिक्षकों तथा छात्रों को लगातार इस तरह का प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। इस मौके पर डॉ. महेंद्र मुदगिल, डॉ. सतीश सैनी, डॉ. मीना कुमारी, डॉ. भारत भूषण, डॉ. विजय गौड़, डॉ. पलक, डॉ. सोमवीर, डॉ. विजेंद्र, डॉ. ध्वनित सैनी, महाविद्यालय उपप्राचार्य डॉ. जगजीत सिंह मोर मौजूद थे।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान तीसरे दिन भी रहा जारी

# किसानों को दी सरकारी योजना की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से तीन टीम का गठन कर विकसित कृषि संकल्प अभियान तीसरे दिन भी जारी रहा। टीम गांव निंबी, छाजियावास, दुलोठ अहीर, निम्बहेड़ा, ढाढोत, सोहला, पालड़ी पनिहारा, पाली व धोली गांव का दौरा किया। वरिष्ठ संयोजक डॉ. जयलाल यादव ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी, मत्स्य, बागवानी, इफको, हरियाणा पशु विज्ञान केंद्र आदि विभाग से कर्मचारियों ने किसानों के कल्याण के लिए भारत सरकार और हरियाणा सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान किसानों को खरीफ फसल विशेषकर बाजरा, कपास, मूंग, ग्वार व तिल की उन्नत कृषि क्रिया के बारे जानकारी दी। टीम एक में शामिल जिला विस्तार विशेषज्ञ (पौध रोग) डॉ. नरेंद्र यादव व जिला विस्तार विशेषज्ञ (गृह विज्ञान) डॉ. पूनम यादव ने किसानों को खरीफ फसल के एमएसपी के बारे में बताया व प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना आदि योजनाओं को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने किसानों बिजाई से पहले बीज उपचार व खरीफ फसल में रस चूसने वाले कीड़े के बारे में जानकारी दी। उन्होंने किसानों को परंपरागत खेती से हटकर वैज्ञानिक तरीकों से खेती करने की सलाह दी। इस दौरान संबंधित गांव के सरपंच मुख्यातिथि रहे। इस मौके पर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग से उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. अजय यादव, गजानंद, संजय यादव, बहराम यादव, पशु पालन व डेयरी विभाग से डॉ. अनिल जिलोवा, डॉ. विनोद, डॉ. सुजाता, डॉ. इंदू, बागवानी विभाग से राधेश्याम, राजकुमार, हरिकिशन, मत्स्य विभाग से सोमदत्त, मंजीत व सतीश कुमार, इफको से महेश मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। किसानों को जानकारी देते विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

### आज इन गांवों का रहेगा दौरा

कृषि अधिकारियों का दौर रविवार को भी जारी रहेंगा। टीम गांव डुलाना, खेड़ा, सुरजनवास, मेघनवास, बुचौली, चितलांग, बसई, आकोदा, खुडाना राजपूत का दौरा रहेंगा।



इन गर्मी की छुट्टियों को बिताने के लिए अगर आप किसी प्राकृतिक, शांत, सुरम्य स्थान पर जाना चाहते हैं, तो माउंट आबू आपके लिए परफेक्ट डेस्टिनेशन हो सकता है। यहां आपको ऐतिहासिक मंदिर, प्राकृतिक झीलों के साथ-साथ कई मनोरम नजारे देखने को मिलेंगे।

# प्राकृतिक सौंदर्य-आध्यात्मिक सुकून का संगम माउंट आबू

सैर-सपाटा / अंशु सिंह

प्राकृतिक सुंदरता और अध्यात्म का अनुपम संगम स्थल है राजस्थान का हिल स्टेशन माउंट आबू। मरुस्थल की वीरानियत में एक शीतल तपोभूमि, जहां बिखरी है अरावली की हरियाली। फैला है, नक्की झील का अप्रतिम सौंदर्य। प्रदेश का एकमात्र हिल स्टेशन, जिसका कण-कण कर लेता है सम्मोहित। गर्मी हो, सर्दी या हो बरसात, माउंट आबू में हर मौसम का है अपना अलग आनंद...।

**अरावली के मध्य बसा:** अरावली पर्वत श्रंखला के मध्य में बसे माउंट आबू में प्रकृति का जनमानस के साथ कुछ ऐसा सामंजस्य स्थापित है कि 'अद्भुत' के अतिरिक्त अन्य शब्द नहीं सूझता। यहां के वायुमंडल में ही पसरी है सुकून और शांति। मौसम का ताप भी मनोनुकूल नर्म है। रेगिस्तानी राज्य के अन्य हिस्सों की तरह गर्म नहीं है यह स्थान। आखिरकार, प्रदेश का यह एकमात्र हिल स्टेशन जो है। सिरोही जिले में स्थित इस पठारी क्षेत्र को कुदरत ने नदी, झील, झरने सभी की सौगात दे रखी है। यह प्रदेश का सिरमौर है, जिसे भारत ही नहीं, संसार की प्राचीनतम पर्वत श्रंखलाओं में से एक अरावली, उत्तर से दक्षिण दो हिस्सों में विभाजित करती है। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने पर्यावरणीय दृष्टिकोण से इसे संवेदनशील क्षेत्र भी घोषित कर रखा है।

**भारत की आध्यात्मिक भूमि:** माउंट आबू ऐतिहासिक काल से ही अलग-अलग धर्मावलंबियों की कर्मभूमि और तपोभूमि रहा है। आज भी यह स्थान हिंदू और जैन धर्मावलंबियों का पवित्र तीर्थस्थल है। कथानुसार, जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर माउंट आबू आए थे, जिसके बाद से यह जैन अनुयायियों का विशेष तीर्थस्थान बन गया है। माउंट आबू का प्राचीन नाम अर्बुदांचल है। पुराणों में इसका उल्लेख अर्बुदा अरण्य (अर्थात अर्बुदा के वन) के नाम से भी मिलता है। बाद में यही 'अर्बुदा', 'आबू' में परिवर्तित हो गया। ऐसी मान्यता है कि ऋषि वशिष्ठ का जब विश्वामित्र से मतभेद हो गया था, तब वे माउंट आबू के दक्षिणी भाग में आकर बस गए थे। उन्होंने पृथ्वी से असुरों के विनाश के लिए यहां यज्ञ का आयोजन भी किया था। इनके अलावा, आध्यात्मिक संस्थान ब्रह्माकुमारीज का अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय भी यहां स्थित है।



**मनमोहक नक्की झील:** पहाड़ों की छांव और अरावली की हरियाली के मध्य मचलती अति रमणीय नक्की झील को माउंट आबू का दिल कहा जाता है। 11000 मीटर की ऊंचाई पर स्थित ढाई किलोमीटर लंबी यह झील कौतुहल पैदा करती है। एक किंवदंती के अनुसार, रसिया बालम नामक शिल्पकार और तत्कालीन राजा की बेटी एक-दूजे से प्रेम करते थे। लेकिन राजा की शर्त थी कि अगर शिल्पकार एक रात में झील की खुदाई कर देता है, तो वह अपनी पुत्री उससे ब्याह देंगे। रसिया ने यह चमत्कार कर दिखाया। हालांकि बाद में राजा ने अपनी बेटी उसे देने से इंकार कर दिया। दूसरी कथा के अनुसार, देवताओं ने बाली राक्षस से रक्षा के लिए अपने नाखूनों से इस झील का निर्माण किया था। इसलिए इसका नाम नक्की झील पड़ा। गरासिया जनजाति के लिए यह पवित्र झील आस्था की प्रतीक है।

**बहुत प्रसिद्ध है सनसेट प्वॉइंट:** फिल्म 'कयामत से कयामत तक' का एक खूबसूरत संवाद है, 'इस डूबते हुए सूरज ने हमें पहली बार मिलाया था। यही हमें एक दिन हमेशा के लिए मिला देगा।' अभिनेता आमिर खान और जूही चावला के इस संवाद में जिस 'डूबते हुए सूरज' का जिक्र हो रहा, वह यहीं माउंट आबू के सनसेट प्वाइंट पर शूट की गई थी। यहां पास ही में स्थित हनीमून प्वॉइंट नव विवाहितों का पसंदीदा स्थान है। माउंट आबू आने वाले पर्यटकों के लिए सनसेट प्वॉइंट रोमांच से भरपूर एक ऐसा मनोरम स्थल है, जहां से पल-पल रंग बदलते आकाश एवं बादलों की ओट में छिपते-ढलते सूर्य के विस्मयकारी दृश्य को देखा जा सकता है। यहां आने वाले पर्यटक इन नजारों को अपनी यादों के साथ-साथ अपने कैमरे में भी जरूर कैद करते हैं।



**विश्व प्रसिद्ध दिलवाड़ा जैन मंदिर:** अपनी माउंट आबू यात्रा के दौरान आप दिलवाड़ा जैन मंदिर अवश्य जाएं। 11वीं से 13वीं शताब्दी के दौरान निर्मित दिलवाड़ा जैन मंदिर, जैन वास्तुकला का उत्कृष्ट उदाहरण है। मंदिर का प्रवेशद्वार गुंबद वाले मंडप से होकर गुजरता है। सामने एक वर्गाकार भवन है, जिसमें छह स्तंभ और दस हाथियों की प्रतिमाएं हैं। पांच मंदिरों के इस समूह में विमल शाह द्वारा निर्माण कराया गया मंदिर, सबसे पुराना है, जो जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर को समर्पित है। इसके अलावा, 22वें तीर्थंकर नेमिनाथ को समर्पित लून वासाही मंदिर भी दर्शनीय है। यहां एक अद्भुत देवरानी-जेठानी मंदिर भी है, जिसमें भगवान आदिनाथ एवं शांतिनाथ जी की मूर्तियां स्थापित हैं। संपूर्ण मंदिर एक प्रांगण के अंदर घिरा हुआ है, जिसमें छोटे स्तंभों की दोहरी पंक्तियां हैं। यहां फूल-पत्तियों और अन्य मोहक डिजाइनों से अलंकृत, नक्काशीदार छतें, पशु-पक्षियों की शानदार आकृतियां, सफेद स्तंभों पर बारीकी से उकेरी गई बेलें, जालीदार नक्काशी से सजे तोरण और जैन तीर्थंकरों की प्रतिमाएं हैं।

**पीस पार्क में प्रकृति का आनंद:** ब्रह्मा कुमारी का पीस पार्क, विविध प्रजातियों के पेड़-पौधों के बीच आपको एक अलग ही जगत में होने का एहसास कराएगा। यहां फूलों के साथ-साथ फलों के भी उद्यान हैं। यहां गुलाब, नीबू, बांस समेत अनेक वृक्ष देखे जा सकते हैं। खूबसूरत रॉक गार्डन एवं अन्य लैंडस्केपिंग को देखना भी कम दिलचस्प नहीं है। पार्क में ध्यान के लिए विशेष कोना भी है। *

**कैसे जाएं:** माउंट आबू का सबसे निकटतम हवाई अड्डा उदयपुर 185 किलोमीटर, जबकि अहमदाबाद 235 किलोमीटर दूर है। सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन आबू रोड 28 किलोमीटर की दूरी पर है, जो अहमदाबाद, दिल्ली, जयपुर और जोधपुर से जुड़ा है। यह सड़क मार्ग से देश के सभी प्रमुख शहरों से जुड़ा है। दिल्ली के कश्मीरी गेट बस अड्डे से माउंट आबू के लिए सीधी बस सेवा उपलब्ध है। राजस्थान राज्य सड़क परिवहन निगम की बसें दिल्ली के अलावा अन्य शहरों से माउंट आबू के लिए अपनी सेवाएं मुहैया कराती हैं।

**कब जाएं:** आप गर्मी या सर्दी कभी भी यहां जा सकते हैं। नवंबर से फरवरी के बीच यहां सर्दी का मौसम होता है। काफी पर्यटक आते हैं। इसके अलावा, अप्रैल से जून के बीच भी यहां घूमने जाया जा सकता है। अगर मानसून का मजा लेना है, तो जुलाई से सितंबर के महीने में यहां की योजना बना सकते हैं।

---



किसी को उबासी लेते देख आपको भी जम्हाई आने लगती है, है ना! वास्तव में कुछ आदतें, हरकतें या प्रतिक्रियाएं ऐसी होती हैं, जो किसी दूसरे को करते देख, ठीक वैसा ही करने के लिए हमारा भी मन मचल उठता है। ऐसा क्यों होता है, जानिए।

# इन एक्टिविटीज को देख मन अपना भी मचलता है!

जीवनशैली / शिखर चंद जैन

कई बार अनजाने में दूसरे की किसी एक्टिविटी को देखकर हम भी वैसा करने लगते हैं या वैसा करना चाहते हैं। व्यवहार विशेषज्ञों, समाजशास्त्रियों और हेल्थ एक्सपर्ट्स ने कुछ ऐसी इश्यूज का पता लगाया है। आप भी इनके बारे में जानिए।

**फ्रेंड जैसे सामान:** 'जर्नल ऑफ न्यूरोसाइंस' में प्रकाशित एक शोध के मुताबिक लोगों को उस चीज की सबसे ज्यादा चाह होने लगती है, जो उनके किसी प्रियजन या मित्र के पास हो। भले ही आपके पास पहले ही एक से एक टी-शर्ट, सलवार सूट या फुटवेयर हों, लेकिन फ्रेंड के पास कोई नया पेयर देखते हैं, तो आपका भी मन मचल उठता है। मनोवैज्ञानिक कहते हैं, 'हम किसी चीज के स्वामित्व को जब सेल्फ एस्टीम से जोड़कर देखने लगते हैं, तब ऐसी इच्छा जाग्रत हो जाती है।' कई बार हम इन चीजों को प्रेस्टीज इश्यू बना लेते हैं।

**बालों पर हाथ फेरना:** व्यक्तित्व विकास के विशेषज्ञ ग्लेन विल्सन ने अपनी किताब 'इंट्रोड्यूसिंग बॉडी लैंग्वेजः ए प्रैक्टिकल गाइड' में लिखा है कि दो व्यक्ति जब एक-दूसरे से व्यक्तिगत बातें कर रहे होते हैं, तो उनमें एक-दूसरे को देखकर अपने बालों में हाथ फेरने से खेलने की इच्छा बलवती हो उठती है। इस स्थिति को मनोवैज्ञानिक 'सिंक्रोनी' या 'पोश्चरल ईको' कहते हैं। इनका कहना है कि हम अपने सोशल बिहेवियर का काफी कुछ अपने नजदीकी लोगों से देखकर सीखते हैं, इसलिए, जाने-अनजाने में हम उनकी बॉडी लैंग्वेज की नकल कर बैठते हैं।

**खुजली की तलब:** एक अध्ययन के मुताबिक अपने सामने मौजूद किसी व्यक्ति को सिर या कान खुजलाते हुए देखने पर वहां मौजूद दूसरे लोगों की ऐसा करने की इच्छा करती है। मनोवैज्ञानिक कहते हैं, 'हमारे अवचेतन मन में किसी को खुजली करते देख या जम्हाई लेते देख, ऐसा दोहराने की स्वाभाविक प्रवृत्ति होती है। ऐसा ही किसी को पानी पीते देखकर या टॉयलेट के लिए उठता देखकर किसी सार्वजनिक स्थान (जैसे सिनेमा हॉल, क्लास रूम या स्टेडियम) में होता है।

**खुद को बीमार महसूस करना:** कभी आपके साथ ऐसा जरूर हुआ होगा कि आपके किसी मित्र ने अपनी बीमारी के कुछ लक्षण आपको बताएं हों और आपने भी वैसा ही महसूस किया हो। रिसर्च बताते हैं कि हम दूसरों से 'डर' बहुत जल्दी पिकअप कर लेते हैं। आपने देखा होगा कि कई बार लोग बिना कारण जाने ही कुछ लोगों को सड़क पर दौड़ते देख, खुद भी दौड़ने लगते हैं। पेनसिलवेनिया विवि के मनोवैज्ञानिक लौरेन नेपोलिटानो कहते हैं, 'आप एक साधारण उदाहरण से इसे समझ सकते हैं। किसी संगीत समारोह में बेहद तेज संगीत को जब आप दूसरों को एंज्वॉय करते देखते हैं, तो खुद भी इसे एंज्वॉय करने लायक समझते हैं लेकिन पांच-दस लोग इसके 'लाउड' होने की शिकायत करते हुए कान पर हाथ धरते दिख जाते हैं तो आप भी अपने कान ढंक लेते हैं।



**तनाव महसूस करना:** 'सोशल न्यूरोसाइंस' जर्नल में प्रकाशित एक रिसर्च के मुताबिक सहकर्मी का तनाव देखकर अगल-बगल मौजूद दूसरे लोगों में भी स्ट्रेस हार्मोन रिलीज होने लगता है। दूसरे को टेंशन या तकलीफ में देखकर दुखी या तनावग्रस्त होना मानवीय प्रवृत्ति है। ठीक ऐसा ही क्रोध के मामले में भी होता है। दूसरे का क्रोध देखकर हम भी उत्तेजित हो जाते हैं और क्रोध भरे स्वर में बात करने लगते हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ विस्कॉन्सिन-मेडिकल की शोधकर्ता एलिजाबेथ क्रुसमार्क के अनुसार, 'भावनात्मक संक्रामकता शरीर में घटित होने वाले केमिकल सिग्नल्स की वजह से उत्पन्न होती है। यही वजह है कि किसी को तनाव, क्रोध या बेचैनी में देखकर हम भी वैसा ही महसूस करने लगते हैं।'

**कम या ज्यादा भोजन करना:** कई अध्ययनों में पाया जा चुका है कि किसी रेस्तरां या पार्टी में आप अगर ज्यादा भोजन करने वाले लोगों के साथ हैं, तो आप भी ज्यादा मात्रा में भोजन कर लेते हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया में 12,000 से ज्यादा लोगों पर किए अध्ययन में पाया गया कि किसी समूह का एक व्यक्ति 'मोटा' हो जाए तो उसके नजदीकी लोगों में मोटापे की संभावना 57 फीसदी बढ़ जाती है। ठीक ऐसा ही सेहत के प्रति जागरूक और संयमित खान-पान करने वालों के साथ रहने से होता है। *

**हंसना या मुस्कुराना**

**किसी सामूहिक** कार्यक्रम के दौरान दूसरों को ठहाके मार कर देखना या एक व्यक्ति को मुस्कुराते हुए देखना स्वतः ही दूसरे लोगों को भी ठहाके मारने या मुस्कुराने के लिए प्रेरित कर देता है। खुशी या सकारात्मक प्रतिक्रिया भी उसी तरह दूसरों को प्रेरित करती है जैसे नेगेटिव एक्टिविटी करती है। मनोवैज्ञानिक कहते हैं हर क्रिया की प्रतिक्रिया इंसानी स्वभाव है। अगर कोई व्यक्ति आपको देखकर अच्छी टिप्पणी करता है, खुश होता है या मुस्कुराता है, तो आप खुद-ब-खुद ऐसा करने लग जाते हैं।

---



अनेक अध्ययनों से साबित हुआ है कि हमारी लापरवाही से प्रदूषित हो रहे वातावरण से अनेक बीमारियां पनप रही हैं। हम अपने पर्यावरण को प्रदूषणमुक्त बनाकर, सही जीवनशैली अपनाकर ही स्वस्थ रह सकते हैं। इसके लिए प्रयास हमें ही करने होंगे।

# पर्यावरण बनाएं प्रदूषणमुक्त आप रहेंगे स्वस्थ-ऊर्जावान

दायित्व / डॉ. राकेश 'चक्र'

वर्षों से अनेक वैज्ञानिक अध्ययन इस बात को इंगित कर रहे हैं कि हम इंसान ही अपने पर्यावरण को प्रदूषित करते जा रहे हैं। यह जानते हुए भी कि यह प्रवृत्ति हमें विनाश की ओर ले जा सकती है, प्रकृति और पर्यावरण के विरुद्ध गैर जिम्मेदाराना कार्यशैली अपनाकर उसे प्रदूषित करते ही जा रहे हैं।

**हमारी लापरवाही है जिम्मेदार:** यह बहुत चिंता का विषय है कि हम अपनी रोजमर्रा की कार्यशैली से पर्यावरण को प्रदूषित करते जा रहे हैं। हमने प्रकृति के पंच तत्वों-अग्नि, वायु, आकाश, पृथ्वी और जल को प्रदूषित करके भारी नुकसान पहुंचाया है और निरंतर पहुंचाते ही जा रहे हैं। हालात यह हो चुके हैं कि पानी को आरओ से शुद्ध करके पीना पड़ रहा है या फिर फिल्टर्ड पानी की बोतल खरीदनी पड़ रही है। कैंसर के रोगियों में निरंतर वृद्धि हो ही रही है। पैदल चलना अब शान-शौकत के विरुद्ध माना जाता है। पचास-सौ मीटर के लिए भी वाहन का प्रयोग किया जाता है। इसी सुविधाभोगिता के चलते रोग और रोगियों का ग्राफ बढ़ रहा है।



**हालात हो जाएंगे गंभीर:** अगर हालात यही रहे, तब निकट भविष्य में हमें श्वास लेने के लिए हमेशा मास्क पहन कर चलना पड़ेगा। कदाचित अब जल्दी ही ऐसा भयावह समय आने वाला है कि हमें ऑक्सीजन का सिलेंडर साथ में लेकर चलना पड़ेगा, तब कहीं हम श्वास लेकर जीवित रहने के लिए संघर्ष कर पाएंगे। ऐसे में हमें चिंतन-मनन करना ही होगा कि हम किस दिशा और दशा की ओर बढ़ रहे हैं? इसमें सुधार के लिए पर्यावरण को स्वच्छ करने की शुरुआत हमें स्वयं से ही करनी होगी। यह तभी हो सकता है, जब हम अपने मन से पूरी तरह संकल्पित हो जाएं।

**ऐसे करें खुद से शुरुआत:** आने वाली भयावह स्थितियों से बचने के लिए सबसे पहले तो हम अपनी दिनचर्या में ही आमूल-चूल परिवर्तन करें। आहार-विहार को प्रकृति के अनुकूल ढालें। सुविधाभोगिता की वस्तुओं का प्रयोग उतना ही करें, जितना अतिआवश्यक हो। अपने आस-पास तुलसी, मनीप्लांट, स्नेकप्लांट, नीम, पीपल आदि के पौधे अधिक से अधिक रोपें और देखभाल करें। सुविधाभोगिता में कटौती करके ही बिजली की बचत की जा सकती है। 'एसी संस्कृति' भयावह प्रदूषण की ओर ले जा रही है। हम न भूलें एसी में प्रयुक्त होने वाली गैस वातावरण को प्रदूषित करती है। इसलिए जहां तक संभव हो एसी का प्रयोग न करें या बहुत सीमित मात्रा में करें।

**स्वच्छता का रखें ध्यान:** अपने घर के आस-पास सड़क और पार्क की स्वच्छता का भी ध्यान रखें। घर की रसोई से निकलने वाले सब्जियों और फलों के छिलके, चाय पत्ती आदि का खाद बनाएं, वह आसानी से बन जाता है। इसका तरीका यही है कि छिलके आदि को खाली गमले, प्लास्टिक के कट्टे या अनुउपयोगी बाल्टी, डब्बे आदि में भरते जाएं। जब वह आधा भर जाए तो उसमें ऊपर से मिट्टी भर दें। दो चार दिन थोड़ा-थोड़ा पानी डाल दें, मिट्टी के ऊपर कोई भी पौधा रोप दें। पौधा बढ़ता रहेगा और कचरा खाद में परिवर्तित होकर उपयोगी मिट्टी बनता रहेगा।

**यथासंभव रोकें प्रदूषण:** जरूरी नहीं कि कहीं भी जाने के लिए स्कूटर, बाइक या कार ही निकालें। आस-पास एक डेढ़ किलोमीटर की दूरी दस-पंद्रह मिनट पैदल चलकर तय कर सकते हैं। कुछ अधिक दूरी को साइकिल से भी पूरा कर सकते हैं। इससे हम स्वस्थ भी रहेंगे।

**जीवनशैली में करें सुधार:** कूड़ा-करकट यथास्थान पर ही एकत्र करें, इधर-उधर न फेंकें। धूम्रपान, गुटखा और मद्यपान आदि से बचें। ये सिर्फ वातावरण को ही नहीं हमारे शरीर के तंत्र को भी प्रदूषित कर देते हैं। *

---




साल 1975 देश के लिए सामाजिक-राजनीतिक दृष्टि से उथल-पुथल भरा रहा। हिंदी सिनेमा के लिहाज से भी वह वर्ष अभूतपूर्व रहा। उस वर्ष आई उन तीन फिल्मों 'दीवार', 'शोले' और 'जय संतोषी मां' से जुड़ी कुछ रोचक बातों पर एक नजर, जिसने सफलता और कमाई के झंडे तो गाड़े ही, हिंदी सिनेमा को नई दिशा भी दी।

## तीन ब्लॉक बस्टर फिल्मों के 50 साल

# शोले-दीवार-जय संतोषी मां

बड़ा पर्दा / मनोज प्रकाश

अब से पचास साल पहले यानी वर्ष 1975 में सिल्वर स्क्रीन पर तीन ऐसी हिंदी फिल्में रिलीज हुईं, जिसने कमाई और कामयाबी के नए कीर्तिमान स्थापित किए। आपातकाल का वह वर्ष देशवासियों की चेतना में, उनके जीवन में कई तरह के बदलाव लेकर आया। वहीं उस साल रिलीज हुई तीन सुपरहिट फिल्मों ने हिंदी सिने प्रेमियों को मनोरंजन और भक्ति का बेहतरीन तोहफा दिया। वह साल हिंदी फिल्म जगत के लिए मील के पत्थर की तरह रहा। उस साल बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने वाली तीन फिल्में थीं- 'दीवार', 'शोले' और 'जय संतोषी मां'। 2025 इन तीनों ही फल्मों की रिलीज का स्वर्ण जयंती वर्ष है।

### दीवार लिखी सफलता की नई इबारत

वर्ष 1975 में 24 जनवरी को फिल्म 'दीवार' रिलीज हुई। यह उस दौर में एक नई तरह की फिल्म थी। फिल्म का कथानक सामाजिक मुद्दों को उठाते हुए कुछ इस तरह से रचा गया था कि इसने गरीबी, अन्याय, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को विस्फोटक रूप से पेश किया। फिल्म में दो भाइयों के बीच खड़ी 'दीवार' ने दर्शकों को अपनी तरफ खूब खींचा। इसमें अमिताभ की 'एंग्री यंग मैन' इमेज के दर्शक कायल हो गए। सही अर्थों में इस फिल्म को न्यायप्रिय समाज का प्रतिबिंब कहा जा सकता है। 'दीवार' के डायलॉग्स आज भी सिने-प्रेमियों के बीच लोकप्रिय हैं। 'मैं आज भी फेंके हुए पैसे नहीं उठाता', 'जाओ पहले उस आदमी के साइन लेकर आओ..' जैसे डायलॉग्स सुनते ही सिनेमाघरों में दर्शकों की सीटियां और तालियां गूंजने लगती थीं। अन्याय के खिलाफ लड़ने वाले नायक के रूप में अमिताभ बच्चन को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला। इसी फिल्म में शशि कपूर का डायलॉग 'मेरे पास मां है' दर्शकों को इमोशनल कर जाता है।




### शोले तोड़े कामयाबी के रिकॉर्ड

15 अगस्त 1975 को रिलीज हुई 'शोले' को हिंदी फिल्म इतिहास के अब तक की सबसे बेहतरीन फिल्मों में से एक के रूप में गिना जाता है। जब यह फिल्म रिलीज हुई तो इसके सफल होने पर ही लोग शक कर रहे थे। लेकिन इस फिल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला। फिल्म ने सफलता के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। इस फिल्म ने सौ सिनेमाघरों में अपनी रिलीज की सिल्वर जुबली और पचास से अधिक में गोल्डेन जुबली का रिकॉर्ड कायम किया। फिल्म निर्माण जगत में यह क्रांतिकारी बदलाव लाने वाली फिल्म मानी जाती है। फिल्म का वह दृश्य जिसमें जय (अमिताभ) वीरू (धर्मेंद्र) को कारतूस लाने के लिए कहता है, उसमें सिक्के का एक ही पहलू अभी तक दर्शकों को रोमांचित कर देता है। जहां कहीं दोस्ती निभाने की बात आती है, वहां जय-वीरू और 'शोले' का सिक्का दर्शक नहीं भूलते हैं। जय का बसंती (हेमा मालिनी) से पूछना, 'तुम्हारा नाम क्या है बसंती?' वीरू का टंकी वाला सीन और 'सुसाइड' वाला डायलॉग। गब्बर (अमजद खान) के डायलॉग्स, 'कितने आदमी थे?', 'तेरा क्या होगा कालिया?', बसंती (हेमा मालिनी) का डायलॉग, 'चल धन्नो, आज तेरी बसंती की इज्जत का सवाल है', ठाकुर (संजीव कुमार) पर फिल्माए गए दृश्य और संवाद। राधा (जया बच्चन) का चुलबुलापन और मौन। 'अंग्रेजों के जमाने के जेलर' (असरानी) और सूरमा भोपाली (जगदीप) के कॉमेडी सींस। फिल्म का एक-एक दृश्य, एक-एक पात्र, एक-एक डायलॉग, एक-एक गीत आज भी सिने प्रेमियों के जेहन में जीवंत है।




### जय संतोषी मां जलाई भक्ति की अलख

'दीवार' और 'शोले' ने जहां हिंसा और बदले की भावना को प्रतिबिंबित किया, वहीं 'जय संतोषी मां' ने आस्था, भक्ति और विश्वास की जीत दिखाकर ब्लॉक बस्टर का तमगा हासिल किया। यह फिल्म 'शोले' के साथ ही यानी 15 अगस्त 1975 को रिलीज हुई थी। सामूहिक परिवार की कहानी में भाइयों की आपसी खींचतान के साथ इस फिल्म ने धर्म तथा आस्था का बेजोड़ संगम प्रस्तुत किया। आस्था, विनम्र भक्ति में रची-बसी 'जय संतोषी मां' ने भक्ति फिल्मों के एक ऐसे युग की शुरुआत की, जिसको पचास साल बाद भी भारतीय फिल्म उद्योग और समाज मानक मानकर चलता है। फिल्म में भजन और आरती के समय दर्शक एक साथ खड़े हो जाया करते थे। फिल्म समीक्षक इस बात को प्रमुखता से इंगित करते हैं कि फिल्म की रिलीज के बाद समाज में संतोषी माता के प्रति आस्था में अभूतपूर्व वृद्धि हुई। फिल्म के भजन और आरती- 'मैं तो आरती उतारूं रे', 'यहां-वहां, जहां-तहां, मत पूछों कहां-कहां', 'करती हूं तुम्हारे व्रत मैं', 'मदद करो संतोषी माता' भक्ति संगीत में मील के पत्थर बन चुके हैं। आज भी इस फिल्म के गीत घरों और मंदिरों में भक्तिभाव से गाए, बजाए और सुने जाते हैं। *